>

Title: Request for stoppage of various trains at Falakata railway station, Kanchan Kanya express train at Baanarhat railway station and change the stoppage of Gaya-Kanyakumari trains for Buddhist pilgrims in Doars,West Bengal.

श्री जॉन बर्ला (अलीपुरद्वारस) : सभापति महोदय, आपका धन्यवाद। उत्तर बंगाल का एक डुआर्स क्षेत्र है, जो मेरे संसदीय क्षेत्र अलीपुरद्वारस के अंतर्गत आता है। मैं आपके माध्यम से इस सदन को यह अवगत कराना चाहता हूं कि लोगों की लाइफ लाइन कही जाने वाली रेलवे परिसेवा आज भी इस क्षेत्र के लोगों को सही रूप से नहीं मिल रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र का फालाकाटा जो एक महत्वपूर्ण शहर एवं ब्लाक है, इस क्षेत्र की आबादी लगभग 4 लाख है। इस शहर में काफी लघु उद्योग, हस्तशिल्प उद्योग, सरकारी कार्यालय, एसएसबी मुख्यालय सहित 30 हाईस्कूल एवं कालेजेज़ हैं। परंतु फालाकाटा रेलवे स्टेशन में ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने से इस क्षेत्र के लोग रेलवे सेवा से आज भी वंचित हैं।

महोदय, अतः मेरा आपसे यह आग्रह है कि गुवाहाटी एक्सप्रेस, सिकंदराबाद-गुवाहाटी एक्सप्रेस और नगांव एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का स्टॉपेज यदि फालाकाटा स्टेशन में दिया जाए, तो इस क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगा। इसके साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र का बानरहाट रेलवे स्टेशन…(व्यवधान) वाणिज्य एवं सभी दृष्टिकोण के काफी महत्वपूर्ण इलाका है, जहां 50 से भी ज्यादा चाय उद्योग हैं। इसके पास में ही बिनागुड़ी सैनिक छावनी एवं पड़ोसी देश भूटान भी होने के कारण बानरहाट एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस क्षेत्र के लोग काफी दिनों से कंचन कन्या एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज को लेकर मांग उठा रहे हैं। अतः कंचन कन्या एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज बानरहाट रेलवे स्टेशन में दिया जाए।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को एक और महत्वपूर्ण विषय से अवगत करा रहा हूँ। गया-कामाख्या एक्सप्रेस का रूट बदलकर अलीपुरद्वार,

कालचीनी, दलगांव, मालबाजार रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज दिया जाए। यह ट्रेन फिलहाल उस रूट से चल रही है, जहां पर बौद्ध धर्म के लोग नगण्य हैं। उत्तर बंगाल के डुआर्स इलाके में लाखों की तादाद में बौद्ध धर्म के लोग रहते हैं। उनकी काफी दिनों से यह मांग रही है कि गया कामाख्या एक्सप्रेस को उस रूट से चलाया जाए, जहां पर बौद्ध धर्म के लोग काफी संख्या में रह रहे हैं ताकि उन्हें अपने तीर्थ स्थान बोधगया में जाने में सुविधा हो। मैं सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि गया-कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन का सटॉपेज अलीपुरद्वार, कालचीनी, दलगांव और मालबाजार में दिया जाए, ताकि इस क्षेत्र के करीब दस लाख लोगों को उनके धार्मिक स्थान बोधगया जाने की सुविधा प्राप्त हो।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kuldeep Rai Sharma is permitted to associate with the issue raised by Shri John Barla.